# Daily Current Affairs 30/08/2021

## 1. पूर्वोत्तर क्षेत्र जिला SDG सूचकांक 2021-22 का पहला संस्करण







gradeup

**चर्चा में क्यों?**

- **NITI आयोग** ने **पूर्वोत्तर क्षेत्र** (NER) **जिला सतत विकास लक्ष्य (SDG) सूचकांक और डैशबोर्ड** 2021-22 का पहला संस्करण जारी किया।
- इसे **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम** (UNDP) के तकनीकी समर्थन के साथ, **पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय** (DoNER) के सहयोग से **NITI आयोग** द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

**प्रमुख बिंदु**

**NER जिला SDG सूचकांक के बारे में:**

- यह सूचकांक **आठ राज्यों**-अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के जिलों के **सतत विकास लक्ष्यों (SDG)** और उनके संबंधित लक्ष्यों के प्रदर्शन को मापता है और उसी के आधार पर जिलों को क्रमबद्ध करता है।
- यह **NITI आयोग के SDG इंडिया इंडेक्स** - राष्ट्रीय, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर SDG पर प्रगति की निगरानी के लिए प्रमुख और आधिकारिक उपकरण पर आधारित है।
- यह सतत विकास लक्ष्य (SDG) प्राप्त करने की दिशा में क्षेत्र और उसके जिलों की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

**समग्र परिणाम और निष्कर्ष:**

- वरीयता क्रमबद्धता के लिए निर्धारित किए गए 103 जिलों में से 64 जिले अग्रणी श्रेणी के थे, जबकि 39 जिले जिलों के समग्र अंक और क्रमबद्धता में ठीक कार्य कर रहे श्रेणी में थे।
- सिक्किम और त्रिपुरा के सभी जिले अग्रणी (फ्रंट रनर) श्रेणी में आते हैं और आकांक्षी या प्राप्तकर्ता (अचीवर) श्रेणी में कोई जिला नहीं है।
- **पूर्वी सिक्किम (अंक 75.87)** इस क्षेत्र में पहले स्थान पर है, उसके बाद जिले **गोमती और उत्तरी त्रिपुरा (अंक 75.73) दूसरे स्थान** पर हैं।
- 103 जिलों का स्कोर किफिरे में 53.00 से लेकर पूर्वी सिक्किम में 75.87 तक है।

**स्रोत: PIB**

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

## 2. BRICS पर्यावरण मंत्रिस्तरीय बैठक 2021




### चर्चा में क्यों?

- **7वीं BRICS पर्यावरण मंत्रिस्तरीय बैठक भारत की अध्यक्षता** में आयोजित की गई।
- **BRICS (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका)** दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है, जो दुनिया की 41% आबादी की मेजबानी करता है, विश्व के सकल घरेलू उत्पाद में 24% और विश्व व्यापार में 16% से अधिक का योगदान देता है।

### प्रमुख बिंदु

**बैठक के बारे में:**

- बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि 2021 न केवल BRICS बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि **अक्टूबर 2021 में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता COP 15** और **नवंबर 2021 में UNFCCC COP 26** होना है।

gradeup
Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- BRICS देश जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि, वायु प्रदूषण, समुद्र में प्लास्टिक कचरे जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

- **जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC) कार्य समूह 1 के योगदान वाली 'जलवायु परिवर्तन 2021: भौतिक विज्ञान' की छठी आकलन रिपोर्ट** के हालिया निष्कर्षों का उल्लेख करते हुए, वैश्विक पर्यावरण और जलवायु चुनौतियों के खिलाफ ठोस सामूहिक वैश्विक कार्रवाई के लिए इस रिपोर्ट ने पर्याप्त या कहें कि अंतिम संकेत दे दिया है।

**पर्यावरण पर नई दिल्ली वक्तव्य:**

- बैठक में पर्यावरण मंत्रियों ने **पर्यावरण पर नई दिल्ली वक्तव्य** को अपनाया, जिसका उद्देश्य BRICS देशों के बीच पर्यावरण में निरंतरता, समेकन और सहमति के लिए सहयोग की भावना को आगे भी बढ़ाना है।

- भारत ने वैश्विक पर्यावरण और जलवायु चुनौती के खिलाफ ठोस सामूहिक वैश्विक कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह समानता, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं परिस्थितियों और **'एक समान लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों एवं संबंधित क्षमताओं'** (**CBDR-RC**) के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है।

**स्रोत: PIB**

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

## 3. BRICS देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक 2021




**चर्चा में क्यों?**

- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने **BRICS देशों के कृषि मंत्रियों की 11वीं बैठक** की अध्यक्षता की।

**प्रमुख बिंदु**

- बैठक का **विषय "खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए कृषि जैव विविधता को मजबूत करने हेतु BRICS साझेदारी"** था।
- श्री तोमर ने कहा कि BRICS देश **भूखमरी व गरीबी मिटाने के लिए वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों** के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने की अच्छी स्थिति में हैं।
- कृषि मंत्री ने विभिन्न संबंधित ब्यूरो में पौधों, जानवरों, मछलियों, कीड़ों और कृषि रूप से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीवों के लिए राष्ट्रीय जीन बैंकों की स्थापना और रखरखाव करके कृषि-जैव विविधता के संरक्षण में भारत द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।
- भारत दलहन, तिलहन, बागवानी फसलों, राष्ट्रीय बांस मिशन और हाल ही में शुरू किए गए राष्ट्रीय पाम ऑयल मिशन जैसे देशव्यापी कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी कृषि-खाद्य प्रणालियों के विविधीकरण को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- भारत की पहल और प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को **अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष** के रूप में घोषित किया है।

**BRICS कृषि अनुसंधान मंच (BARP):**

- यह कृषि अनुसंधान और नवाचारों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है और इसका कार्यान्वयन शुरू कर दिया गया है।

**कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना 2021-24:**

- मंत्रियों की बैठक में BRICS देशों के कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना 2021-24 को अपनाया गया।
- यह कार्य योजना BRICS देशों के बीच कृषि के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का प्रावधान करती है और खाद्य सुरक्षा, किसानों के कल्याण, कृषि जैव विविधता के संरक्षण, खाद्य एवं कृषि उत्पादन प्रणालियों की अनुकूलता, डिजिटल कृषि समाधानों को बढ़ावा देने आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करती है, जो कृषि क्षेत्र के सतत विकास के अभिन्न घटक हैं।

**स्रोत:** PIB

## 4. अभ्यास 'मालाबार 2021' (26-29 अगस्त, 2021)



**चर्चा में क्यों?**

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- **क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड)** के 4 सदस्य देशों की नौसेनाओं- **भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया** ने '**मालाबार अभ्यास 2021**'' में भाग लिया, जो **प्रशांत महासागर में गुआम** के तट से शुरू हुआ।
- इस वर्ष **मालाबार अभ्यास का 25वां संस्करण** है, जिसकी **मेजबानी अमेरिकी नौसेना** द्वारा की गयी है।
- **नौसेनाएं:** भारतीय नौसेना (IN), अमेरिकी नौसेना (USN), जापान के समुद्री आत्मरक्षा बल (JMSDF) और रॉयल ऑस्ट्रेलियन नौसेना (RAN) हैं।

**प्रमुख बिंदु**

**मालाबार अभ्यास के बारे में:**

- मालाबार एक बहुपक्षीय युद्ध-खेल नौसैनिक अभ्यास है जिसे 1992 में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू किया गया था।
- जापान और ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार 2007 में भाग लिया था और 2014 से भारत, अमेरिका और जापान ने हर साल अभ्यास में भाग लिया है।
- 2020 संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की भागीदारी देखी गई।

**मालाबार 2020:**

- पिछले साल, अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया था - पहला बंगाल की खाड़ी में विशाखापत्तनम के तट पर, और फिर अरब सागर में।

**क्वाड देशों के साथ अन्य अभ्यास:**

- भारत इन सभी देशों के साथ कई तरह के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास करता है। पिछले साल, भारतीय नौसेना ने जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की नौसेनाओं के साथ कई पैसेज अभ्यास (PASSEX) किए।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- **भारत-अमेरिका:** युद्ध अभ्यास (सेना), वज्र प्रहार (सैन्य), **भारत-जापान:** जिमेक्स (नौसेना अभ्यास), शिन्यू मैत्री (वायु सेना अभ्यास), और धर्म गार्डियन (सैन्य अभ्यास), **भारत-ऑस्ट्रेलिया:** AUSINDEX (समुद्री), ऑस्ट्रिया हिंद

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

5. **हैकथॉन "मंथन 2021"**




**चर्चा में क्यों?**

- **हैकथॉन "मंथन 2021"** का आयोजन **पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो** द्वारा **शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल** और **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद** (AICTE) के समन्वय से किया गया है।

**प्रमुख बिंदु**

**हैकथॉन "मंथन 2021" के बारे में:**

- यह खुफिया एजेंसियों के सामने 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने के लिए नवीन अवधारणाओं और प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करने की एक अनोखी राष्ट्रीय पहल है।

- देश के शिक्षा संस्थानों और पंजीकृत स्टार्ट-अप के चयनित युवा अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और नवीन कौशल का उपयोग करते हुए मजबूत, सुरक्षित और प्रभावी प्रौद्योगिकीय समाधान प्रदान करने के लिए इस हैकथॉन में भाग लेंगे।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- प्रतिभागियों से उम्मीद की जाती है कि वे डिजिटल समाधान विकसित करेंगे। इसमें नई प्रौद्योगिकियों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीप लर्निंग, ऑगमेंटेड रियलिटी, मशीन लर्निंग आदि का उपयोग करते हुए हमेशा बदलने वाली सुरक्षा संबंधित चुनौतियों का सामना करना होगा।

**अन्य हैकथॉन:**

- ड्रग डिस्कवरी हैकथॉन 2020
- वर्चुअल एग्री-हैकथॉन 2020
- CCTNS हैकथॉन और साइबर चैलेंज
- 5G हैकथॉन
- भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन

**स्रोत: PIB**

**6. 29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस**



**चर्चा में क्यों?**

- भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

**प्रमुख बिंदु**

- 1928, 1932 और 1936 में भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी के दिग्गज ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।

**फिट इंडिया मोबाइल एप्लिकेशन:**

- आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, **फिट इंडिया मूवमेंट** की दूसरी वर्षगांठ मनाने के क्रम में **केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर** ने **फिट इंडिया मोबाइल एप्लिकेशन** का शुभारंभ किया।
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने 29 अगस्त 2019 को **फिट इंडिया मूवमेंट** लॉन्च किया था। इस अभियान के संबंध मे प्रधानमंत्री का विज़न था – भारत को एक फिट और स्वस्थ राष्ट्र बनाना।

**स्रोत: PIB**

7. **29 अगस्त, परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस**



**चर्चा में क्यों?**

- परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है।

**प्रमुख बिंदु**

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- 2 दिसंबर 2009 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा के 64 वें सत्र ने 29 अगस्त को परमाणु परीक्षण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया।
- संकल्प एक साथ कई प्रायोजकों और सह-प्रायोजकों के साथ कज़ाकस्तान द्वारा 29 अगस्त, 1991 को सेमीपलातिन्स्क परमाणु परीक्षण साइट को बंद करने की याद में शुरू किया गया था।
- संकल्प विशेष रूप से "परमाणु हथियार परीक्षण विस्फोटों या किसी अन्य परमाणु विस्फोट के प्रभावों और परमाणु-हथियार मुक्त दुनिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के साधनों में से एक के रूप में उनकी समाप्ति की आवश्यकता" के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कहता है।

**स्रोत: un.org**

gradeup

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now